24 घंटे 365 दिन
खुलासा फर्स्ट
पक्का इंदौरी अखबार
epaper.khulasafirst.com
15 Apr 2023 - Page 7

श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में उमड़े सैकड़ों भक्त

भक्ति मार्ग पर चलते हुए जीवन में शालीनता बनी रहना चाहिए

खुलासा फर्स्ट... इंदौर

संतों के चरणों की भक्ति में ही आनंद और सुख की प्राप्ति होती है। जीवन में सदैव आनंद सुख चाहते हो तो संतों के चरणों की भक्ति करना चाहिए, जिसके जीवन में संत है उसके जीवन में ही बसंत है, जीवन में संतों का संग होना ही चाहिए। संतों की कृपा हमेशा बनी रहना चाहिए, संतों का सान्निध्य जीवन में बहुत आवश्यक होता है। भक्ति मार्ग में चलते हुए शालीनता बनी रहना चाहिए। कण से छोटा जो बन जाए, हमेशा सभी को सम्मान दे वही भक्त होता है। कभी जीवन में अहंकारी नहीं होना चाहिए।

यह बातें ब्रज रत्न वंदना श्रीजी ने रसोमा चौराहा स्थित आनंदम क्लब एंड रिसॉर्ट में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन कही। उन्होंने कहा कि जीवन में सत्कर्म करते चले। आयोजन प्रमुख गणेश गोयल और राज दीक्षित ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए। कथा में वंदना श्री जी ने विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। कथा में भगवान की लीलाओं का कलाकारों ने मनमोहक नाट्य मंचन भी किया। व्यासपीठ का पूजन अर्चन और आरती विधायक रमेश मेंदोला, हृदयेश दीक्षित, भारत रघुवंशी,गणेश गोयल,राज दीक्षित, बालमुकुंद सोनी, कालू गगोरे ने किया।

आयोजन प्रमुख गणेश गोयल ,राज दीक्षित ने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण कथा 17 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 7:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक होगी।